प्रेस नोट - थाना साइबर क्राइम

शाहजहांपुर पुलिस

प्रेस नोट-सराहनीय कार्य दिनांक : 24.03.2025

"थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा साइबर क्राइम संबंधित शिकायत में शिकायतकर्ता के साथ हुई ऑनलाइन धोखाधड़ी की शत प्रतिशत धनराशि रु0 69,755/- वापस कराई गयी"

श्रीमान पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर महोदय के निर्देशानुसार, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय के निर्देशन में व प्रभारी थाना साइबर क्राइम के कुशल नेतृत्व में साइबर क्राइम से संबंधित घटनाओं को गम्भीरता से लिया जा रहा तथा साइबर अपराध की निरन्तर समीक्षा की जा रही है। थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम को साइबर ठगी की घटना में संलिप्त अपराधियों की विशेष निगरानी एवं साइबर क्राइम से ठगे गये लोगों को उनकी धनराशि वापस कराये जाने के सम्बन्ध में कड़े दिशा -निर्देश दिये गये थे। जिसके संबंध में थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम को बड़ी सफलता प्राप्त हुई।

संक्षिप्त विवरणः-

श्रीमती डा0 जया मिश्रा पुत्री डा0 सुशील मिश्रा निवासी 126 नई बस्ती , रेती , थाना राम चन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर द्वारा साइबर क्राइम हेल्पलाइन नं0 1930 पर शिकायत दर्ज कराई की किसी व्यक्ति द्वारा शिकायतकर्ता के क्रेडिट कार्ड से 02 आनलाइन एयरलाइन टिकट बुक किये गये व शिकायतकर्ता के क्रेडिट कार्ड से कुल रु0 69,755/- की आनलाइन धोखाधडी कर ली गयी है।

इसी क्रम में शिकायतकर्ता की प्राप्त शिकायत पर साइबर क्राइम थाना पुलिस टीम द्वारा तत्परता से संज्ञान लिया गया तथा शिकायतकर्ता से संबंधित साइबर क्राइम शिकायत की डिटेल्स प्राप्त कर गहनता से छानबीन कर उनके साथ हुई ऑनलाइन धोखाधडी की कुल धनराशि रु0 69,755/- वापस करायी गयी। साइबर क्राइम थाना जनपद शाहजहांपुर पुलिस टीम द्वारा की गई इस कार्यवाही से शिकायतकर्ता ने पूर्ण रुप से संतुष्ट होकर भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुये धन्यवाद दिया गया।

पुलिस टीम का विवरणः-

1-निरीक्षक श्री इन्द्रपाल सिंह प्रभारी साइबर क्राइम थाना शाह0

2--उ0नि0 रोहित कुमार साइबर क्राइम थाना शाह0

3-हे0का0 सुजीत कुमार साइबर क्राइम थाना शाह0

4- का0 अखिलेश कुमार साइबर क्राइम थाना शाह0

5-का0 विक्रान्त देवल साइबर क्राइम थाना शाह0

जागरुक रहे-सजग रहे, साइबर अपराध से सुरक्षित रहे।
साइबर अपराध होने पर तत्काल साइबर क्राइम हेल्पलाइन नं0 1930 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज कराये।

मीडिया सेल, जनपद शाहजहाँपुर।